भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

भारतीय जीवन बीमा निगम

(जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 के तहत गठित)

आईआरडीएआई पंजीकरण संख्या 512

केंद्रीय कार्यालय: 'योगक्षेम', जीवन बीमा मार्ग, मुंबई, महाराष्ट्र - 400 021

दूरभाष संख्या: 022 – 2202 2079

ईमेल: investors@licindia.com; **वेबसाइट:** www.licindia.in

चौथी वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना

एतद्वारा सूचना दी जाती है कि भारतीय जीवन बीमा निगम (''निगम''/''एलआईसी'') के सदस्यों की चौथी वार्षिक सामान्य बैठक (''एजीएम'') मंगलवार, 26 अगस्त, 2025 को 1130 बजे (भा. मा. स) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (''वीसी'')/अन्य ऑडियो-विजुअल साधनों (''ओएवीएम'') के माध्यम से निम्नलिखित मदों पर कार्यवाही करने के लिए आयोजित की जाएगी:

साधारण व्यवसाय:

1. जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 की धारा 24बी, 24सी और 25बी के अनुसार, 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए निगम के लेखापरीक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण के साथ बोर्ड (''निदेशक मंडल'') की रिपोर्ट और लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार करना और स्वीकार करना।

2. जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 की धारा 24बी और 25बी के अनुसार, 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए निगम के लेखापरीक्षित समेकित वित्तीय विवरण के साथ लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार करना और स्वीकार करना।

3. जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 की धारा 27 के अनुसार 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए निगम की वार्षिक रिपोर्ट पर विचार करना और उसे स्वीकार करना।

4. जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 की धारा 28बी (1) के अनुसार बोर्ड द्वारा अनुशंसित 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए ₹ 10/- प्रत्येक के प्रति इक्विटी शेयर के लिए ₹ 12/- का अंतिम लाभांश घोषित करना।

5. निगम के लेखापरीक्षकों को नियुक्त करना और उनका पारिश्रमिक निर्धारित करना और इस सम्बंध में विचार करना और, यदि उचित समझा जाए, तो निम्नलिखित संकल्पों को साधारण संकल्प के रूप में पारित करना:

   ''**संकल्प किया जाता है कि** जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 की धारा 25 के साथ पठित जीवन बीमा निगम सामान्य नियम, 1956 के नियम 22, निदेशक मण्डल (''बोर्ड'') द्वारा निगम के लेखापरीक्षकों के चयन की अनुमोदित नीति, सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 और अन्य लागू प्रावधान, यदि कोई हो, समय-समय पर लागू, उसमे किए गए संशोधन(ओं), उपांतरण(ओं), या पुन: अधिनियमन (ओं) सहित, के अनुसरण में, निगम के सदस्य एतद्वारा, मैसर्स मुकुंद एम. चितले एंड कंपनी, चार्टर्ड एकाउंटेंट (फर्म पंजीकरण संख्या: 106655W) की नियुक्ति को पाँच वर्षो के कार्यकाल के लिए निगम के सयुक्त लेखापरीक्षक के रूप में अनुमोदन करते है जो निगम के निदेशक मंडल (बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति सहित) द्वारा समय-समय पर यथानिर्धारित नियमों एवं शर्तों और पारिश्रमिक पर चौथी वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) के समापन से नवी वार्षिक सामान्य बैठक के समापन तक के कार्यकाल का पद धारण करेंगे।

   आगे यह भी संकल्प किया जाता है कि जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 की धारा 25 के साथ पठित जीवन बीमा निगम सामान्य नियम, 1956 के नियम 22, निदेशक मण्डल द्वारा निगम के लेखापरीक्षकों के चयन की अनुमोदित नीति और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, के अनुसरण में, एतद्वारा निगम के निदेशक मण्डल को, लेखापरीक्षा समिति की सिफारिश पर निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित अवधि एवं नियम और शर्तों तथा पारिश्रमिक पर निगम के क्षेत्रीय कार्यालय(यों) और मंडल कार्यालय(यों) के लिए लेखापरीक्षकों की नियुक्ति/पुनर्नियुक्ति करने के लिए अधिकृत किया जाए।

आगे यह भी संकल्प किया जाता है कि निगम के निदेशक मंडल (बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति सहित) और/या निगम के किसी भी पूर्णकालिक निदेशक को लेखापरीक्षकों के नियुक्ति की शर्तों और नियमों सहित पारिश्रमिक को तय करने और अंतिम रूप देने तथा उपरोक्त प्रस्तावों को प्रभावी करने के संबंध में या उससे संबंधित सभी प्रश्नों का समाधान करने के लिए अधिकृत किया जाए।''

विशेष व्यवसाय:

6. निगम के सरकारी नामित निदेशक के रूप में डॉ. प्रशांत कुमार गोयल (डीआईएन: 08652921) की नियुक्ति के लिए एक साधारण संकल्प के रूप में निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना और, यदि उचित समझा जाए, तो पारित करना:

''**संकल्प किया जाता है कि** जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 की धारा 4 (2) (डी) के अनुसार, डॉ. प्रशांत कुमार गोयल को भारत सरकार की 17 अप्रैल, 2025 की अधिसूचना के तहत से, निगम के निदेशक मंडल में सरकारी नामित निदेशक के रूप में तत्काल प्रभाव से और अगले आदेश तक, नियुक्त किया गया है और इसे बोर्ड द्वारा सिफारिश के अनुसार एतद्द्वारा अनुमोदित किया जाए।''

7. निगम के प्रबंध निदेशक के रूप में श्री दिनेश पंत (डीआईएन: 11134993) की नियुक्ति के लिए एक साधारण संकल्प के रूप में निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना और, यदि उचित समझा जाए, तो पारित करना:

''**संकल्प किया जाता है** कि जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 की धारा 4 (2) (सी) के साथ पठित जीवन बीमा निगम सामान्य नियम, 1956 के नियम 3 और 4 के अनुसरण में श्री दिनेश पंत की नियुक्ति भारत सरकार की 14 मई, 2025 की अधिसूचना के माध्यम से, निगम के प्रबंध निदेशक के रूप में ₹ 2,05,400/- से ₹ 2,24,400/- के वेतनमान पर कार्यभार ग्रहण करने से (01 जून, 2025) और उनकी सेवानिवृत्ति प्राप्त करने की तारीख (यानी, 31 मई, 2027) तक, या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, की गयी है तदनुसार इसे बोर्ड द्वारा सिफारिश के अनुसार एतद्द्वारा अनुमोदित किया जाए।''

8. निगम के प्रबंध निदेशक के रूप में श्री रत्नाकर पटनायक (डीआईएन: 10283908) की नियुक्ति के लिए एक साधारण संकल्प के रूप में निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना और, यदि उचित समझा जाए, तो पारित करना:

''**संकल्प किया जाता है कि** जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 की धारा 4 (2) (सी) के साथ पठित जीवन बीमा निगम सामान्य नियम, 1956 के नियम 3 और 4 के अनुसरण में श्री रत्नाकर पटनायक की नियुक्ति भारत सरकार की 14 मई, 2025 की अधिसूचना के माध्यम से, निगम के प्रबंध निदेशक के रूप में ₹ 2,05,400/- से ₹ 2,24,400/- के वेतनमान पर कार्यभार ग्रहण करने से (01 जून, 2025) और उनकी सेवानिवृत्ति प्राप्त करने की तारीख (यानी, 31 मार्च, 2028) तक, या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, की गयी है तदनुसार इसे बोर्ड द्वारा सिफारिश के अनुसार एतद्द्वारा अनुमोदित किया जाए।''

9. निगम के सचिवीय लेखापरीक्षकों के रूप में मैसर्स एस. एन. अनंतसुब्रमण्यन एंड कं., प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिवों की वित्तीय वर्ष 2025-26 से वित्तीय वर्ष 2029-30 तक लगातार पांच वर्षों की अवधि की नियुक्ति के लिए एक साधारण संकल्प के रूप में निम्नलिखित संकल्पो पर विचार करना और, यदि उचित हो तो पारित करना:

''**संकल्प किया जाता है कि** भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 (सूचीबद्धता विनियम) के विनियमन 24ए के साथ पठित इसके तहत जारी परिपत्र (सहित उसमे किए किसी भी लागू वैधानिक संशोधन या पुन: अधिनियमन) और अन्य लागू कानून, यदि कोई हो, के अनुसरण में निगम के सदस्य एतद्द्वारा, मैसर्स एस. एन. अनंतसुब्रमण्यन एंड कं., प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव (फर्म पंजीकरण संख्या: P1991MH040400) की नियुक्ति को पाँच वर्षो के कार्यकाल के लिए निगम के सचिवीय लेखापरीक्षकों के रूप में अनुमोदन करते है जो वित्तीय वर्ष 2025-26 से वित्तीय वर्ष 2029-30 तक के कार्यकाल का, निगम के निदेशक मंडल (बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति सहित) द्वारा समय-समय पर यथानिर्धारित नियम एवं शर्तों और पारिश्रमिक पर पद धारण करेंगे।

आगे यह भी संकल्प किया जाता है कि निगम के निदेशक मंडल (बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति सहित) और/या निगम के किसी भी पूर्णकालिक निदेशक को सचिवीय लेखापरीक्षकों के नियुक्ति की शर्तों और नियमों सहित पारिश्रमिक को तय करने और अंतिम रूप देने तथा उपरोक्त प्रस्तावों को प्रभावी करने के संबंध में या उससे संबंधित सभी प्रश्नों का समाधान करने के लिए अधिकृत किया जाए।''

10. आईडीबीआई बैंक लिमिटेड (आईडीबीआई बैंक) के साथ निगम के भौतिक संबंधी पक्ष लेनदेनों के अनुमोदन के लिए साधारण संकल्प के रूप में निम्नलिखित संकल्पों पर विचार करना और यदि उचित समझा जाए तो पारित करना:

''**संकल्प किया जाता है कि** जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 की धारा 4सी के प्रावधानों एवं अन्य सभी लागू प्रावधानों के साथ पठित उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों और विनियमों, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 (''सूचीबद्धता विनियम''/''सेबी सूचीबद्धता विनियम'') के विनियमन 23 और अन्य लागू प्रावधान, यदि कोई हो, उसमे किए

गए संशोधन(ओं), उपांतरण(ओं) या पुनः अधिनियमन(ओं) समेत तथा, भारतीय जीवन बीमा निगम (निगम) के 'संबंधित पक्ष लेनदेन की नीति', जो समय-समय पर लागू हो सकती है और निगम की लेखापरीक्षा समिति के अनुमोदन के अनुसरण में, सदस्य एतद्वारा निदेशक मंडल (जिन्हे इसके बाद 'बोर्ड' के रूप में जाना जाएगा, जिसमे लेखापरीक्षा समिति सहित बोर्ड द्वारा गठित/सशक्त किसी भी विधिवत प्राधिकृत समिति भी शामिल है, इस संकल्प के द्वारा समय-समय पर प्रदत्त अपनी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए) अनुमोदन प्रदान करते हैं, जिससे निगम को वित्तीय वर्ष 2025-26 में संशोधित सूचीबद्धता विनियमो के अनुसार, निगम के संबंधित पक्ष, आईडीबीआई बैंक के साथ में अनुबंधों/ व्यवस्थाओ/लेन-देन में प्रवेश करने के लिए/या पूर्ण करने के लिए और/या जारी रखने के लिए, (चाहे व्यक्तिगत लेन-देन या समूहिक लेन-देन या लेन-देन की श्रृंखला या अन्यथा) जोकि निगम की पाँचवी वार्षिक सामान्य बैठक की तारीख तक वैध होगी, जिसकी अवधि पंद्रह माह से अधिक नही होगी, चाहे वह निरंतरता या नवीकरण (ओं) या विस्तार (ओं) या संशोधन (ओं) के माध्यम से पहले के अनुबंधों/ व्यवस्थाओ/ लेनदेन या नए और स्वतंत्र लेनदेन (लेनदेनों) के रूप में या अन्यथा जैसा इसके अंतर्गत उल्लेख किया गया है :

(i) भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के अनुसार निगम के कॉर्पोरेट अभिकर्ता के रूप में कार्य करने के लिए जीवन बीमा उत्पादों के वितरण के लिए शुल्क/पारिश्रमिक/कमीशन का भुगतान;

(ii) जारी समूह बीमा पॉलिसियों/योजनाओं में प्रीमियम/निधि प्राप्त करने और बीमा पॉलिसी के लाभों का भुगतान करने के लिए;

(iii) गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र /किसी अन्य प्रतिभूतियों का अभिदान एवं मोचन करने के लिए और उसके आकस्मिक लेन-देन के लिए;

(iv) द्वितीयक शेयर बाजार के माध्यम से किए गए निवेश पर ब्याज आय; और

(v) सहमत प्रतिफल के बदले या जैसा की समय-समय की सहमति पर अन्य लेनदेन और/या व्यवस्थाएं और/या संसाधनों/सेवाओ का एलआईसी से/को हस्तांतरण और/या जहां निगम/उसकी सहायक कंपनियां, प्रतिभूतियों की खरीद/ बिक्री, देय शुल्क, शुल्क, राजस्व, ब्रोकरेज या किसी अन्य व्यय, जैसे कि निगरानी/डिपॉज़िटरी सेवाएं, सलाहकार सेवाएं, बीमा सेवाएं, परिसंपत्ति प्रबंधन शुल्क, जारी करने और भुगतान अनुबंध शुल्क, साझा सेवाएं, संग्रह और भुगतान सेवाएं, प्रतिभूतियों को जारी करने के लिए।

इस तथ्य के बावजूद कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान और निगम की अगली वार्षिक सामान्य बैठक की तारीख तक जिसकी अवधि पंद्रह महीने से अधिक में नही होगी, ऐसे सभी उपरोक्त लेनदेन , चाहे व्यक्तिगत रूप से और/या कुल मिलाकर, ₹ 1,000 करोड़ या वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए निगम के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों के अनुसार, वार्षिक समेकित कारोबार का 10%, से अधिक हो सकते हैं, जो भी कम हो, या कोई अन्य भौतिकता सीमा जो समय-समय पर कानून/विनियमों के तहत लागू हो सकती है, बशर्ते कि संविदाए/व्यवस्थाए/ लेनदेन निष्पक्ष आधार पर और निगम के व्यवसाय के सामान्य पाठ्यक्रम में किए जाएंगे, अन्य बातों के साथ-साथ नीचे दिए गए विवरण के अनुसार:

संबंधित पक्ष का नाम	लेन-देन की प्रकृति	वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित राशि और अगली एजीएम की तारीख तक
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड	निगम के कॉर्पोरेट अभिकर्ता के रूप में कार्य करने के लिए जीवन बीमा उत्पादों के वितरण के लिए शुल्क/पारिश्रमिक/कमीशन का भुगतान	वास्तविक रूप से, उत्पादों की नियम एवं शर्तों, व्यवसाय के पैमाने, उत्पाद मिश्रण और विनियामक दिशानिर्देशों के अनुसार
	जारी समूह बीमा पॉलिसियों/योजनाओं में प्रीमियम/ निधि प्राप्त करने और बीमा पॉलिसी के लाभ का भुगतान करने के लिए;	उत्पादों के नियमों एवं शर्तों और व्यवसाय के पैमाने के अनुसार लगभग ₹ 3,950 करोड़ तक
	गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र /किसी अन्य प्रतिभूतियों का अभिदान एवं मोचन करने के लिए और उसके आकस्मिक लेन-देन के लिए;	वास्तविक रूप से, संभावित उत्पादों के नियम एवं शर्तों और व्यवसाय के पैमाने के अनुसार

संबंधित पक्ष का नाम	लेन–देन की प्रकृति	वित्त वर्ष 2025–26 के लिए अनुमानित राशि और अगली एजीएम की तारीख तक
	अन्य: • प्रतिभूतियों/निवेशों की बिक्री • ब्याज आय • कमीशन • बैंक शुल्क • ब्रोकरेज़ • डिपॉजिटरी सेवाएं • सलाहकार सेवाएं	वास्तविक रूप से, उत्पादों के नियम एवं शर्तों, कारोबार के पैमाने और सेवाओं के अनुसार

आगे यह भी संकल्प किया जाता है कि निदेशक मंडल, एतद्वारा लागू कानूनों के अनुसार निगम की लेखापरीक्षा समिति और/या निदेशक (ओं) और/या निगम के अधिकारी (ओं) को प्रदान की गयी अपनी सभी या किसी भी शक्तियों को ऐसे सभी कृत्यों, कार्यों, मामलों और चीजों को करने और ऐसे दस्तावेजों, लेखों आदि को निष्पादित करने के लिए अधिकृत किया जाता है, जैसा कि बोर्ड अपने पूर्ण विवेक से इस संकल्पों को प्रभावी करने के लिए आवश्यक, वांछनीय या समीचीन समझे।''

11. एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एलआईसी एचएफएल) के साथ निगम के भौतिक संबंधित पक्ष लेनदेन के अनुमोदन के लिए एक साधारण संकल्प के रूप में निम्नलिखित प्रस्तावों पर विचार करना और, यदि उचित समझा जाए तो पारित करना:

''**संकल्प किया जाता है कि** जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 की धारा 4सी के प्रावधानों एवं अन्य सभी लागू प्रावधानों के साथ पठित उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों और विनियमों, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 (सूचीबद्धता विनियम) के विनियमन 23 और अन्य लागू प्रावधान, यदि कोई हो, उसमे किए गए संशोधन(ओं), उपांतरण(ओं) या पुनः अधिनियमन(ओं) समेत तथा, भारतीय जीवन बीमा निगम (निगम) के 'संबंधित पक्ष लेनदेन की नीति', जो समय-समय पर लागू हो सकती है और निगम की लेखापरीक्षा समिति के अनुमोदन के अनुसरण में, सदस्य एतद्वारा निदेशक मंडल (जिनहे इसके बाद 'बोर्ड' के रूप में जाना जाएगा, जिसमे लेखापरीक्षा समिति सहित बोर्ड द्वारा गठित/सशक्त किसी भी विधिवत प्राधिकृत समिति भी शामिल है, इस संकल्प के द्वारा समय-समय पर प्रदत्त अपनी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए) अनुमोदन प्रदान करते हैं, जिससे निगम को वित्तीय वर्ष 2025-26 में संशोधित सूचीबद्धता विनियमो के अनुसार, निगम के संबंधित पक्ष, एलआईसी एचएफएल के साथ में अनुबंधों/व्यवस्थाओ/लेन-देन में प्रवेश करने के लिए/या पूर्ण करने के लिए और/या जारी रखने के लिए, (चाहे व्यक्तिगत लेन-देन या समूहिक लेन-देन या लेन-देन की श्रृंखला या अन्यथा) जोकि निगम की पाँचवी वार्षिक सामान्य बैठक की तारीख तक वैध होगी, जिसकी अवधि पंद्रह माह से अधिक नही होगी, चाहे वह निरंतरता या नवीकरण (ओं) या विस्तार (ओं) या संशोधन (ओं) के माध्यम से पहले के अनुबंधों/ व्यवस्थाओ/ लेनदेन या नए और स्वतंत्र लेनदेन (लेनदेनों) के रूप में या अन्यथा जैसा इसके अंतर्गत उल्लेख किया गया है:

(i) गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र /किसी अन्य प्रतिभूतियों का अभिदान एवं मोचन करने के लिए और उसके आकस्मिक लेन-देन के लिए; और/या

(ii) जारी समूह बीमा पॉलिसियों/योजनाओं में प्रीमियम/निधि प्राप्त करने और बीमा पॉलिसी के लाभों का भुगतान करने के लिए;

इस तथ्य के बावजूद कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान और निगम की अगली वार्षिक सामान्य बैठक की तारीख तक जिसकी अवधि पंद्रह महीने से अधिक में नही होगी, ऐसे सभी उपरोक्त लेनदेन, चाहे व्यक्तिगत रूप से और/या कुल मिलाकर, ₹ 1,000 करोड़ या वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए निगम के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों के अनुसार, वार्षिक समेकित कारोबार का 10%, से अधिक हो सकते हैं, जो भी कम हो, या कोई अन्य भौतिकता सीमा जो समय-समय पर कानून/विनियमों के तहत लागू हो सकती है, बशर्ते कि संविदाए/व्यवस्थाए/ लेनदेन निष्पक्ष आधार पर और निगम के व्यवसाय के सामान्य पाठ्यक्रम में किए जाएंगे, अन्य बातों के साथ-साथ नीचे दिए गए विवरण के अनुसार:

संबंधित पक्ष का नाम	लेन–देन की प्रकृति	वित्त वर्ष 2025–26 के लिए अनुमानित राशि और अगली एजीएम की तारीख तक
एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड	गैर–परिवर्तनीय ऋणपत्र /किसी अन्य प्रतिभूतियों का अभिदान एवं मोचन करने के लिए और उसके आकस्मिक लेन–देन के लिए;	वास्तविक रूप से, ऋणपत्र /किसी अन्य प्रतिभूतियों के नियमों और शर्तों के अनुसार
	जारी समूह बीमा पॉलिसियों/योजनाओं में प्रीमियम/निधि प्राप्त करने और बीमा पॉलिसी के लाभ का भुगतान करने के लिए;	वास्तविक रूप से, उत्पादों के नियमों एवं शर्तों और व्यवसाय के पैमाने के अनुसार

आगे यह भी संकल्प किया जाता है कि निदेशक मंडल, एतद्वारा लागू कानूनों के अनुसार निगम की लेखापरीक्षा समिति और/या निदेशक(ओं) और/या निगम के अधिकारी (ओं) को प्रदान की गयी अपनी सभी या किसी भी शक्तियों को ऐसे सभी कृत्यों, कार्यों, मामलों और चीजों को करने और ऐसे दस्तावेजों, लेखों आदि को निष्पादित करने के लिए अधिकृत किया जाता है, जैसा कि बोर्ड अपने पूर्ण विवेक से इस संकल्पों को प्रभावी करने के लिए आवश्यक, वांछनीय या समीचीन समझे।''

12. एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड (एलआईसी एमएफ) के साथ निगम के भौतिक संबंधी पक्ष लेनदेन के अनुमोदन के लिए एक साधारण संकल्प के रूप में निम्नलिखित संकल्पो पर विचार करना, यदि उचित समझा जाए तो पारित करना:

''**संकल्प किया जाता है कि** जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 की धारा 4सी के प्रावधानों एवं अन्य सभी लागू प्रावधानों के साथ पठित उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों और विनियमों, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 (सूचीबद्धता विनियम) के विनियमन 23 और अन्य लागू प्रावधान, यदि कोई हो, उसमे किए गए संशोधन(ओं), उपांतरण(ओं) या पुनः अधिनियमन(ओं) समेत तथा, भारतीय जीवन बीमा निगम (निगम) के 'संबंधित पक्ष लेनदेन की नीति', जो समय–समय पर लागू हो सकती है और निगम की लेखापरीक्षा समिति के अनुमोदन के अनुसरण में, सदस्य एतद्वारा निदेशक मंडल (जिन्हे इसके बाद 'बोर्ड' के रूप में जाना जाएगा, जिसमे लेखापरीक्षा समिति सहित बोर्ड द्वारा गठित/सशक्त किसी भी विधिवत प्राधिकृत समिति भी शामिल है, इस संकल्प के द्वारा समय–समय पर प्रदत्त अपनी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए) अनुमोदन प्रदान करते हैं, जिससे निगम को वित्तीय वर्ष 2025–26 में संशोधित सूचीबद्धता विनियमो के अनुसार, निगम के संबंधित पक्ष, एलआईसी एमएफ के साथ में अनुबंधों/व्यवस्थाओ/लेन–देन में प्रवेश करने के लिए/या पूर्ण करने के लिए और/या जारी रखने के लिए, (चाहे व्यक्तिगत लेन–देन या समूहिक लेन–देन या लेन–देन की श्रृंखला या अन्यथा) जोकि निगम की पाँचवी वार्षिक सामान्य बैठक की तारीख तक वैध होगी, जिसकी अवधि पंद्रह माह से अधिक नही होगी, चाहे वह निरंतरता या नवीकरण (ओं) या विस्तार (ओं) या संशोधन (ओं) के माध्यम से पहले के अनुबंधों/ व्यवस्थाओं/ लेनदेन या नए और स्वतंत्र लेनदेन (लेनदेनों) के रूप में या अन्यथा जैसा इसके अंतर्गत उल्लेख किया गया है:

(i) डायरेक्ट लिक्विड म्यूचुअल फंड की यूनिटों /किसी अन्य प्रतिभूतियों की खरीद/मोचन और उससे संबंधित लेनदेन;

(ii) जारी समूह बीमा पॉलिसियों/योजनाओं में प्रीमियम/निधि प्राप्त करने और बीमा पॉलिसी के लाभ का भुगतान करने के लिए;

इस तथ्य के बावजूद कि वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान और निगम की अगली वार्षिक सामान्य बैठक की तारीख तक जिसकी अवधि पंद्रह महीने से अधिक में नही होगी, ऐसे सभी उपरोक्त लेनदेन, चाहे व्यक्तिगत रूप से और/या कुल मिलाकर, ₹ 1,000 करोड़ या वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए निगम के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों के अनुसार, वार्षिक समेकित कारोबार का 10%, से अधिक हो सकते हैं, जो भी कम हो, या कोई अन्य भौतिकता सीमा जो समय–समय पर कानून/विनियमों के तहत लागू हो सकती है, बशर्ते कि संविदाए/व्यवस्थाए/लेनदेन निष्पक्ष आधार पर और निगम के व्यवसाय के सामान्य पाठ्यक्रम में किए जाएंगे, अन्य बातों के साथ–साथ नीचे दिए गए विवरण के अनुसार:

संबंधित पक्ष का नाम	लेन–देन की प्रकृति	वित्त वर्ष 2025–26 के लिए अनुमानित राशि और अगली एजीएम की तारीख तक
एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड	डायरेक्ट लिक्विड म्यूचुअल फंड की यूनिटों /किन्हीं अन्य प्रतिभूतियों की खरीद/मोचन और उसके संबन्धित लेन–देन	खरीद और/या मोचन, प्रत्येक के लिए लगभग ₹ 35,000 करोड़ तक
	जारी समूह बीमा पॉलिसियों/योजनाओं में प्रीमियम/निधि प्राप्त करने और बीमा पॉलिसी के लाभ का भुगतान करने के लिए;	वास्तविक रूप से, उत्पादों के नियमों एवं शर्तों और व्यवसाय के पैमाने के अनुसार

आगे यह भी संकल्प किया जाता है कि निदेशक मंडल, एतद्वारा लागू कानूनों के अनुसार निगम की लेखापरीक्षा समिति और/या निदेशक (ओं) और/या निगम के अधिकारी (ओं) को प्रदान की गयी अपनी सभी या किसी भी शक्तियों को ऐसे सभी कृत्यों, कार्यों, मामलों और चीजों को करने और ऐसे दस्तावेजों, लेखों आदि को निष्पादित करने के लिए अधिकृत किया जाता है, जैसा कि बोर्ड अपने पूर्ण विवेक से इस संकल्पों को प्रभावी करने के लिए आवश्यक, वांछनीय या समीचीन समझे।''

13. निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक के रूप में श्री आर दुरैस्वामि (डीआईएन: 10358884) की नियुक्ति के लिए एक साधारण संकल्प के रूप में निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना और, यदि उचित समझा जाए तो पारित करना:

''**संकल्प किया जाता है कि** जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 की धारा 4 (2) (बी) के साथ पठित जीवन बीमा निगम सामान्य नियम, 1956 के नियम 3 और 4 के अनुसरण में श्री आर दुरैस्वामि की नियुक्ति, भारत सरकार की 14 जुलाई, 2025 की अधिसूचना के माध्यम से निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक के रूप में, 2,25,000/- (निश्चित) के वेतनमान पर, तीन वर्ष की अवधि के लिए कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से (अर्थात, 14 जुलाई, 2025) या 62 वर्ष की आयु प्राप्त करने की तारीख तक (अर्थात 28 अगस्त, 2028) या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, की गयी है और तदनुसार इसे बोर्ड द्वारा सिफ़ारिश के अनुसार एत्तद्वारा अनुमोदित किया जाए।''

बोर्ड के आदेश द्वारा
कृते भारतीय जीवन बीमा निगम

हस्ताक्षर/-
अंशुल कुमार सिंह
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

दिनांक: 22 जुलाई, 2025
स्थान: मुंबई

केंद्रीय कार्यालय:
भारतीय जीवन बीमा निगम
'योगक्षेम', जीवन बीमा मार्ग,
नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021
दूरभाष नंबर: 022 - 2202 2079
ईमेल: investors@licindia.com
वेबसाइट: www.licindia.in

टिप्पणियाँ:

1. **वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैठक:**

   क. कारपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार (एमसीए) ने अपने सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांकित 08 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल, 2020, 09/2024 दिनांकित 19 सितंबर, 2024 और एमसीए द्वारा जारी किए गए किसी भी अन्य लागू परिपत्र (सामूहिक रूप से एमसीए परिपत्र के रूप में संदर्भित) और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी परिपत्र सेबी/एचओ/सीएफडी/ सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांकित 12 मई, 2020 और सेबी/एचओ/सीएफडी/ सीएफडी-पीओडी-2/पी/सीआईआर/2024/133 दिनांकित 3 अक्टूबर, 2024 (सेबी परिपत्र), के माध्यम से सूचीबद्ध संस्थाओं को उसमें उल्लिखित विभिन्न शर्तों के अनुपालन में 30 सितंबर, 2025 तक या उससे पहले वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा (वीसी)/अन्य ऑडियो-विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से AGM आयोजित करने की अनुमति दी है।

   एमसीए और सेबी द्वारा जारी किए गए पूर्वोक्त परिपत्रों, जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 (एलआईसी अधिनियम, 1956 या एलआईसी अधिनियम) के लागू प्रावधान, के साथ पठित बनाए गए नियमों और विनियमों , कंपनी अधिनियम, 2013 (लागू सीमा तक) और इसके तहत बनाए गए नियम, एवं सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 (सेबी सूचीबद्धता

विनियम/सेबी (एलओडीआर) विनियम, के अनुपालन में वीसी/ ओएवीएम सुविधा के माध्यम से निगम की चौथी एजीएम आयोजित की जा रही है, जिससे एक सामान्य स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति की आवश्यकता के बिना आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय कार्यालय चौथी एजीएम के लिए वह सामान्य स्थल माना जाएगा।

ख. जीवन बीमा निगम सामान्य नियम, 1956 (एलआईसी नियम) के नियम 28 के साथ पठित जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अनुसरण में, एजीएम में उपस्थित होने और मतदान करने के हकदार सदस्यों को अपनी ओर से उपस्थित होने और मतदान करने के लिए प्रॉक्सी नियुक्त करने के हकदार है और प्रॉक्सी को निगम का सदस्य होने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि यह वार्षिक सामान्य बैठक वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जा रही है, इसलिए सदस्यों की भौतिक उपस्थिति की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है। तदनुसार, सदस्यों द्वारा प्रॉक्सी की नियुक्ति की सुविधा इस एजीएम के लिए उपलब्ध नहीं होगी और इसलिए प्रॉक्सी फॉर्म, उपस्थिति पर्ची और एजीएम के स्थल का मार्ग मानचित्र इस सूचना के साथ संलग्न नहीं है।

ग. सदस्य सूचना में उल्लिखित प्रक्रिया का पालन करके बैठक शुरू होने के निर्धारित समय से 30 मिनट पहले और 15 मिनट बाद तक वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में शामिल हो सकते हैं। सदस्य नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की ई-वोटिंग वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर जीवंत कार्यवाही देख सकेंगे। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैठक में शामिल होने के लिए विस्तृत निर्देश इस सूचना के टिप्पणीयों का हिस्सा हैं। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में सदस्यों की उपस्थिति की गणना को एलआईसी अधिनियम, 1956 की धारा 23ए के साथ पठित बनाए गए नियमों और विनियमों और भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) द्वारा जारी सचिवीय मानक - 2 के अनुसार गणपूर्ति की गणना करने हेतु की जाएगी।

घ. वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भागीदारी की सुविधा पहले आओ-पहले पाओ के आधार (एफसीएफएस) कम से कम 1,000 सदस्यों के लिए पर उपलब्ध कराई जाएगी। बड़े सदस्यों (2% या अधिक शेयरधारिता रखने वाले शेयरधारकों), प्रोमोटर, संस्थागत निवेशकों, निदेशकों, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों, लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष, नामांकन और पारिश्रमिक समिति के अध्यक्ष हितधारकों की संबंध समिति के अध्यक्ष, लेखापरीक्षकों आदि के संबंध में एजीएम में एफसीएफएस के प्रवेश करने में कोई प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

ङ. कॉर्पोरेट/संस्थागत सदस्यों को बोर्ड संकल्प/प्राधिकरण पत्र आदि की स्कैन की गई प्रमाणित सत्य प्रति (पीडीएफ प्रारूप) भेजने की अवश्यकता है, जिसमें उनके प्रतिनिधि को उनकी ओर से वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने और दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से या एजीएम के दौरान मतदान करने के लिए अधिकृत किया जाएगा। उक्त संकल्प/प्राधिकरण पंजीकृत ईमेल पते के माध्यम से संवीक्षक को info@mehta-mehta.com ईमेल पते पर भेजा जाएगा, जिसकी एक प्रति evoting@nsdl.com को अंकित की जाएगी।

च. संयुक्त धारकों के मामले में, एक सदस्य जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर के अनुसार उनके नामों के क्रम में पहले धारक के रूप में आता है, वह एजीएम में वोट (मत) डालने का हकदार होगा।

छ. वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम की सूचना इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली के माध्यम से उन सदस्यों को भेजी जा रही है, जिनके ई-मेल पते **25 जुलाई, 2025 (शुक्रवार) (कट-ऑफ तिथि)** को व्यावसायिक घंटों की समाप्ति पर निगम/डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं। चौथी एजीएम बुलाने वाली सूचना निगम की वेबसाइट www.licindia.in पर प्रसारित कर दी गई है और इसे स्टॉक एक्सचेंजों, यानी बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइटों क्रमशः www.bseindia.com और www.nseindia.com के संबंधित अनुभाग पर भी देखा जा सकता है। सूचना एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।

निगम वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति केवल उन सदस्यों को भेजेगा जो विशेष रूप से अपने फोलियो नंबर/डीपी आईडी और क्लाइंट आईडी का उल्लेख करते हुए investors@licindia.com पर इसके लिए अनुरोध करेंगे हैं।

इसके अतिरिक्त, सूचीबद्ध विनियमों के विनियमन 36 (1) (बी) के अनुसार, निगम उन सदस्यों को एक पत्र भी भेज रहा है जिनका ई-मेल पता निगम/डिपॉजिटरी प्रतिभागी के साथ पंजीकृत नहीं है, जिसमे निगम की वेबसाइट का सटीक वेब-लिंक प्रदान होगा जहां पर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक रिपोर्ट उपलब्ध हो सकेगी ।

2. एलआईसी अधिनियम, 1956 की धारा 23 ए के साथ पठित एलआईसी नियमों के नियम 28 अनुसरण में एक व्याख्यात्मक विवरण, जो इस सूचना के मद संख्या 4 से 13 के तहत निर्दिष्ट साधारण और विशेष व्यवसाय से संबंधित विवरण निर्धारित करता है, इसके साथ संलग्न है।

3. सेबी सूचीबद्धता विनियमों के विनियमन 36 (3) और एलआईसी नियमों के नियम 28 के साथ पठित आईसीएसआई द्वारा जारी सचिवीय मानक - 2 के अनुसार चौथी एजीएम में नियुक्ति की मांग करने वाले निदेशक (कों) के संबंध में के आवश्यक विवरण इस सूचना के अनुलग्नक - ए

के रूप में संलग्न हैं जो व्याख्यात्मक विवरण का हिस्सा है। निगम ने नियुक्ति के लिए निदेशक (कों) से संगत प्रकटीकरण/सहमति प्राप्त कर ली है।

4. अंतिम लाभांश के लिए रिकॉर्ड तिथि:

क. एलआईसी अधिनियम, 1956 की धारा 28बी और सेबी सूचीबद्धता विनियमों के विनियमन 42 के अनुसार, सदस्य ध्यान दें कि बोर्ड ने 27 मई, 2025 को आयोजित अपनी बैठक में 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए ₹ 10/- प्रत्येक के अंकित मूल्य के प्रति इक्विटी शेयर पर ₹ 12/- के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। अंतिम लाभांश के परियोजन के लिए रिकॉर्ड तिथि शुक्रवार, जुलाई 25, 2025 है।

ख. वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंतिम लाभांश, चौथी एजीएम में सदस्यों द्वारा अनुमोदित होने के बाद, सदस्यों को 24 सितंबर, 2025 (बुधवार) तक भुगतान किया जाएगा, अर्थात, अनुमोदन की तारीख से 30 दिनों के भीतर उन सदस्यों/लाभकारी मालिकों को जिनके नाम शुक्रवार, 25 जुलाई, 2025 को व्यावसायिक घंटों के अंत में सदस्यों के रजिस्टर /डिपॉजिटरी के रिकॉर्ड में उपलब्ध हैं।

ग. डीमैट रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि उनके संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत बैंक विवरण, जिनके साथ वह अपने डीमैट खाते का रखरखाव रखते हैं, का उपयोग निगम द्वारा लाभांश के भुगतान के लिए किया जाएगा। निगम बैंक विवरण या बैंक जनादेश के किसी भी परिवर्तन के लिए डीमैट रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों से सीधे प्राप्त किसी भी अनुरोध पर कार्रवाई नहीं कर सकता है। अतः डीमैट रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वह अपने पते और/या बैंक अधिदेश में किसी भी परिवर्तन की सूचना अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (डिपी) को तत्काल दें।

घ. भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वह निगम के आरटीए को einward.ris@kfintech.com पर ईमेल द्वारा (i) हस्ताक्षरित पत्र की स्कैन की हुई प्रति जिसमें सदस्यों का नाम, फोलियो नंबर, बैंक विवरण (अर्थात बैंक खाता संख्या, बैंक की शाखा का नाम और पता, IFSC, MICR विवरण), (ii) पैन कार्ड की एक स्व-सत्यापित प्रति और (iii) रद्द चेक की लीफ, जमा करके अपनी इलेक्ट्रॉनिक क्लियरिंग सर्विस (ECS) जनादेश को पंजीकृत करें।

ङ. जिन सदस्यों ने अपने बैंक खाते का विवरण अध्यतन नहीं किया है, उन्हें, निगम किसी अन्य अनुमत साधन के माध्यम से निगम के रिकॉर्ड में पंजीकृत पते पर लाभांश का भुगतान करेगा।

च. रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट को जारी किए गए सेबी परिपत्र के अनुसार, जैसा कि संशोधित किया गया है, और अनिवार्य किया है कि, 1 अप्रैल, 2024 से, भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों को लाभांश का भुगतान केवल इलेक्ट्रॉनिक साधन के माध्यम से ही किया जाएगा, यदि फोलियो केवाईसी अनुपालन है। ऐसे फोलियो को सभी विवरणों, पिन कोड के साथ पूरा पता, मोबाइल नंबर, बैंक खाता विवरण, आधार से जुड़े वैध पैन, नामांकन, नमूना हस्ताक्षर आदि सहित संपर्क विवरण के पंजीकरण पर केवाईसी अनुपालन के रूप में माना जाएगा। सेबी द्वारा अपनी वेबसाइट पर संबंधित एफएक्यू प्रकाशित किए गए हैं और इन्हें https://www.sebi.gov.in/sebišdata/faqfiles/sep-2024/1727418250017.pdf पर देखा जा सकता है।

5. अंतिम लाभांश पर स्रोत पर कर (टीडीएस):

आयकर अधिनियम, 1961 (आईटी अधिनियम) यथा संशोधित,के प्रावधानों के अनुसरण में, लाभांश आय सदस्यों के हाथों में कर योग्य है और निगम को आईटी अधिनियम के साथ पठित कर संधि के अनुसार निर्धारित दरों पर सदस्यों को भुगतान किए गए लाभांश से स्रोत पर कर (टीडीएस) की कटौती करना आवश्यक है। विभिन्न श्रेणियों के लिए निर्धारित दरों के लिए, कृपया आयकर अधिनियम, 1961 और उसके संशोधन देखें।

एक निवासी व्यक्तिगत सदस्य और जो आयकर का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं है, उन्हे पैन के साथ फॉर्म नंबर 15 जी / 15 एच, जैसा लागू हो, में एक घोषणा प्रस्तुत करना आवश्यक है।

विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई)/विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) सहित अनिवासी सदस्य भारत और अपने निवास देश के बीच कर संधि के तहत लाभकारी दरों का लाभ उठा सकते हैं, जो आवश्यक दस्तावेज प्रदान करने के अधीन है, अर्थात, जैसे की कोई स्थायी प्रतिष्ठान नही होने पर घोषणा, लाभकारी स्वामित्व घोषणा, कर निवास प्रमाणपत्र, फॉर्म 10 एफ, कोई अन्य दस्तावेज जो कर संधि लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक हो सकता है।

इसके लिए मंगलवार, 08 जुलाई, 2025 को उन सदस्यों को एक पत्र भेजा गया था, जिनका ईमेल पता निगम/रजिस्ट्रार/डिपी के पास पंजीकृत था और उनसे शुक्रवार, 25 जुलाई, 2025 को या उससे पहले आवश्यक जानकारी प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया था।

6. **सदस्यों को अपने विवरण में परिवर्तन करने के लिए सूचना देनी होगी:**

भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों को सलाह दी जाती है कि वह अपने बैंक खाते का विवरण, अर्थात; बैंक की शाखा का नाम और पता, शाखा का एमआईसीआर कोड, खाते का प्रकार और खाता संख्या, निगम के आरटीए यानी, केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (यूनिट: भारतीय जीवन बीमा निगम) सेलेनियम बिल्डिंग, टॉवर-बी, प्लॉट नंबर 31 और 32, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, सेरिलिंगमपल्ली, हैदराबाद, रंगारेड्डी, तेलंगाना, भारत - 500 032 में विधिवत भरे गए फॉर्म आईएसआर -1 और संबंधित प्रमाणों के साथ, प्रस्तुत करें ।

जो सदस्य डिमैटरियलाइज्ड रूप में शेयर रखते हैं और बैंक खाते का विवरण प्रदान करना/बदलना/सही करना चाहते हैं, उन्हें अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी (ओं) को भेजना है न कि निगम को। सदस्यों से यह भी अनुरोध किया जाता है कि वह अपने बैंक का एमआईसीआर कोड अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों को दें। निगम ऐसे सदस्यों से पते में परिवर्तन, नामों के स्थानांतरण, मृतक संयुक्त धारक के नाम को हटाने और बैंक खाते के विवरण में परिवर्तन के लिए किसी भी सीधे अनुरोध पर विचार नहीं करेगा। लाभांश का भुगतान करते समय, रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट ऐसे डिमैटरीज्ड शेयरों के लिए डिपॉजिटरी द्वारा प्रदान किए गए डेटा का उपयोग करने के लिए बाध्य हैं।

जीवन बीमा निगम सामान्य विनियम, 2021 के विनियमन 9 के साथ पठित एलआईसी अधिनियम, 1956 की धारा 5ई के प्रावधानों के अनुसार, शेयर रखने वाले सदस्य निर्धारित तरीके से एक ऐसे व्यक्ति को नामित कर सकते हैं, जिसे शेयरों में सभी अधिकार एकमात्र धारक या सभी संयुक्त धारकों की मृत्यु की स्थिति में निहित होंगे। डीमैट फॉर्म में शेयर रखने वाले सदस्य इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों से संपर्क कर सकते हैं और भौतिक रूप में रखे गए शेयरों के संबंध में रजिस्ट्रार से संपर्क कर सकते हैं।

धोखाधड़ी वाले लेनदेन को रोकने के लिए, सदस्यों को सलाह दी जाती है कि वह उचित सावधानी बरते और किसी भी सदस्य के पते में किसी भी बदलाव या निधन के बारे में निगम या आरटीए को जल्द से जल्द सूचित करें। सदस्यों को यह भी सलाह दी जाती है कि वह अपने डीमैट खाते को लंबे समय तक निष्क्रिय न छोड़ें। संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी से आवधिक शेयरधारिता का विवरण प्राप्त किया जा सकता है, और समय-समय पर शेयरधारिता को सत्यापित किया जाना चाहिए।

7. **शेयरों का अभौतिकरण:**

सदस्य कृपया ध्यान दे कि सेबी सूचीकरण विनियम के अनुसरण में भौतिक रूप में धारित सूचीबद्ध कंपनियों की प्रतिभूतियों के स्थानांतरण, पारेषण और अंतरण को केवल डीमैट रूप में अधिदेश करते हैं। इसके अतिरिक्त, सेबी ने अपने परिपत्र सं सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसडी_आरटीएएमबी/पी/सीआईआर/2022/8 दिनांकित 25 जनवरी, 2022 के साथ पठित समय-समय पर जारी सेबी के प्रासंगिक परिपत्रों के अनुसार, सूचीबद्ध कंपनियों को निम्न सेवा अनुरोधों को संसाधित करते समय केवल डीमैट फॉर्म में प्रतिभूतियां जारी करने के लिए अधिदेश है; डुप्लिकेट प्रतिभूति प्रमाण पत्र जारी करना; अस्वामिक सस्पेन्स खाते से दावा; प्रतिभूति प्रमाण पत्र का नवीनीकरण/विनिमय; अनुमोदन; प्रतिभूति प्रमाण पत्र का उप-विभाजन/विभाजन; प्रतिभूति प्रमाण पत्रों/फोलियो का समेकन; ट्रांसमिशन और ट्रांसपोज़िशन।

तदनुसार, सदस्यों को सलाह दी जाती है कि वह भौतिक शेयरों से जुड़े सभी जोखिमों को समाप्त करने और अभौतिकरण के विभिन्न लाभों का लाभ उठाने के लिए भौतिक रूप में उनके द्वारा धारित शेयरों को डिमटेरियलाइज करें, सदस्य सहायता के लिए पूर्वोक्त परिपत्र में निर्धारित आवश्यक सहायक दस्तावेजों के साथ निगम या आरटीए से संपर्क कर सकते हैं।

8. **विवाद के समाधान के लिए :**

सेबी ने मास्टर परिपत्र सं सेबी/एचओ/ओआईएई/ ओआईएई_आईएडी -1/पी/सीआईआर/2023/145 दिनांक 11 अगस्त, 2023 के माध्यम से भारतीय प्रतिभूति बाजार में उत्पन्न होने वाले विवादों के समाधान के लिए एक सामान्य ऑनलाइन विवाद समाधान पोर्टल (''ODR पोर्टल'') की स्थापना की है।

उपर्युक्त परिपत्रों के अनुसरण में, सदस्य ध्यान दें, कि निगम और/या उसके आरटीए के खिलाफ किसी भी भारतीय प्रतिभूति बाजार से उत्पन्न विवादों के मामले में ऑनलाइन विवाद समाधान पोर्टल (https://smartodr.in/login) के माध्यम से विवाद समाधान दायर कर सकते हैं और इसे निगम की वेबसाइट https://www.licindia.in/web/guest/online-dispute-resolution. के माध्यम से भी पहुँचा जा सकता है ।सदस्य इस तंत्र का प्रयोग तभी कर सकते हैं जब वह निगम और स्कोर्स के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज करा दें और निवारण के परिणाम से संतुष्ट न हों।

9. **अस्वामिक लाभांश और आईईपीएफ:**

जो सदस्य एसे लाभांश का दावा करना चाहते हैं, जिनका दावा नहीं किया गया हैं, उनसे अनुरोध है कि वह नियत तारीखों से पहले पुनर्वैधीकरण और नकदीकरण के लिए निगम से investors@licindia.com या आरटीए से einward.ris@kfintech.com पर पत्राचार करें। दावा न किए गए लाभांशों का विवरण निगम की वेबसाइट पर www.licindia.in पर उपलब्ध है।

सदस्यों से अनुरोध है कि वह ध्यान दे कि एलआईसी अधिनियम, 1956 की धारा 28सी के अंतर्गत अस्वामिक लाभांश खाते में अंतरित होने की तारीख से सात वर्ष की अवधि तक अस्वामिक अथवा अदावाकृत लाभांश की राशि को निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि (आईईपीएफ) में हस्तांतरित किया जाना अवश्यक है।

इसके अलावा, सभी शेयर जिनके संबंध में लाभांश लगातार सात वर्षों या उससे अधिक के लिए अस्वामिक / अदावाकृत रहते हैं, तो उन्हें भी आईईपीएफ प्राधिकरण के नामित डीमैट खाते में स्थानांतरित किया जाना आवश्यक है।

10. एजीएम के दौरान सांविधिक रजिस्टरों का निरीक्षण करने के इच्छुक सदस्य या जो इसके तहत बनाए गए नियमों और विनियमों के साथ पठित जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के संदर्भ में सूचना में निर्दिष्ट प्रासंगिक दस्तावेजों का निरीक्षण करना चाहते हैं, वह investors@licindia.com पर अपना अनुरोध भेज सकते हैं।

11. उन शेयरधारकों के लिए प्रक्रिया जिनकी ईमेल आईडी डिपॉजिटरी/आरटीए के साथ पंजीकृत नहीं है, इस सूचना में निर्धारित प्रस्तावों पर ई-वोटिंग के लिए एवं उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड प्राप्त और ई-मेल आईडी के पंजीकरण के लिए:

(1) भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य, कृपया फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति (आगे और पीछे से), पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई प्रति) investors@licindia.com या einward.ris@kfintech.com पर प्रदान करें।

(2) यदि शेयर डीमैट रूप में रखे जाते हैं, तो कृपया डीपीआईडी-सीएलआईडी (16-अंकों का डीपीआईडी + सीएलआईडी या 16-अंकों का लाभार्थी आईडी), नाम, क्लाइंट मास्टर या समेकित खाता विवरण की प्रति, पैन (पैन कार्ड की स्कैन की गई स्व-सत्यापित प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्कैन की गई स्व-सत्यापित प्रति) einward.ris@kfintech.com को प्रदान करें। यदि आप डीमैट रूप में प्रतिभूतियां रखने वाले एक व्यक्तिगत शेयरधारक हैं, तो आपसे अनुरोध है कि आप बिन्दु 15 के चरण 1 (ए) में नीचे बताई गई लॉगिन विधि का संदर्भ लें, यानी ई-वोटिंग के लिए लॉगिन विधि और डीमैट रूप में प्रतिभूतियों को रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों के लिए वर्चुअल मीटिंग में शामिल होने की विधि।

(3) वैकल्पिक रूप से, शेयरधारक/सदस्य उपर्युक्त दस्तावेज प्रदान करके ई-वोटिंग के लिए उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने के लिए evoting@nsdl.com को अनुरोध भेज सकते हैं।

12. **एजीएम से पहले/दौरान दूरस्थ ई-वोटिंग:**

(1) एलआईसी अधिनियम, 1956 की धारा 23 ए और सेबी सूचीबद्धता विनियमों के विनियमन 44 के अनुसरण में, निगम को इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से मतदान की सुविधा प्रदान करने की प्रसन्नता हो रही है; एजीएम में किए जाने वाले मदों पर कार्यवाही के संबंध में अपने सदस्यों को 'दूरस्थ ई-वोटिंग' (एजीएम के स्थल के अलावा किसी अन्य स्थान से ई-वोटिंग) दी जा रही है । इस उद्देश्य के लिए, निगम ने इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से मतदान की सुविधा के लिए एनएसडीएल को नियुक्त किया है। एजीएम के ई-वोटिंग सिस्टम के साथ दूरस्थ ई-वोटिंग का उपयोग करके सदस्य द्वारा वोट डालने की सुविधा एनएसडीएल द्वारा प्रदान की जाएगी।

(2) मंगलवार, 19 अगस्त, 2025 की कट-ऑफ तिथि को भौतिक रूप में या इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयरधारण करने वाले निगम के सदस्य दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल सकते हैं। एक व्यक्ति जो कट-ऑफ तिथि को सदस्य नहीं है, उसे इस नोटिस को केवल सूचना के उद्देश्य से समझना चाहिए। जिस व्यक्ति का नाम सदस्यों के रजिस्टर में या कट-ऑफ तिथि के अनुसार डिपॉजिटरी या आरटीए द्वारा बनाए गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज किया गया है, वह एजीएम से पहले दूरस्थ ई-वोटिंग की सुविधा के साथ-साथ एजीएम के दौरान ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होंगे। भौतिक रूप में प्रतिभूतियां रखने वाला कोई भी सदस्य या गैर-व्यक्तिगत सदस्य जो निगम के शेयरों का अधिग्रहण करता है और सूचना के भेजने के बाद निगम का सदस्य बन जाता है और कट-ऑफ तिथि यानी 19 अगस्त, 2025 (मंगलवार) को शेयर रखता है, वह evoting@nsdl.com पर अनुरोध भेजकर उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।

(3) डीमैट रूप में शेयर रखने वाले व्यक्तिगत सदस्य, जो निगम के शेयर अधिग्रहण करते हैं और सूचना भेजने के बाद निगम के सदस्य बन जाते हैं और कट-ऑफ तिथि, यानी 19 अगस्त, 2025 (मंगलवार) को शेयर धारण करते हैं, वह बिन्दु संख्या 15 में नीचे उल्लिखित लॉगिन प्रक्रिया का पालन कर सकते हैं।

(4) दूरस्थ ई-वोटिंग अवधि शनिवार, 23 अगस्त, 2025 को 0900 बजे (भा. मा. स.) से शुरू होगी और सोमवार, 25 अगस्त, 2025 को 1700 बजे (भा. मा. स.) समाप्त होगी। इसके बाद एनएसडीएल द्वारा दूरस्थ ई-वोटिंग मॉड्यूल को मतदान के लिए अक्षम कर

दिया जाएगा। एक बार सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर मतदान करने के बाद, सदस्य को बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सदस्यों के मतदान अधिकार कट-ऑफ तिथि यानी मंगलवार 19 अगस्त, 2025 को निगम की चुकत्ता इक्विटी शेयर पूंजी के उनके हिस्से के अनुपात में होंगे।

(5) एजीएम में वीसी/ओएवीएम कार्यवाही के दौरान सदस्यों को दूरस्थ इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की जाएगी और एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य, जिन्होंने पहले से ही दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, अध्यक्ष द्वारा घोषणा किए जाने पर ऐसे प्रस्तावों पर चर्चा के अंत में मतदान के अपने अधिकार का प्रयोग करने के पात्र होंगे। जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा संकल्प (ओं) पर अपना वोट डाला है, वह भी वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने के पात्र होंगे, लेकिन ऐसे संकल्प (ओं) पर फिर से अपना वोट डालने के हकदार नहीं होंगे। अपेक्षित मतों की प्राप्ति के अधीन, प्रस्तावों को बैठक की तारीख, यानी 26 अगस्त, 2025 (मंगलवार) को पारित माना जाएगा।

(6) एजीएम के दिन दूरस्थ ई-वोटिंग मॉड्यूल को एनएसडीएल द्वारा बैठक के समापन के 15 मिनट बाद मतदान के लिए अक्षम कर दिया जाएगा।

13. श्री अतुल मेहता (सदस्यता संख्या: एफसीएस 5782) और उनके विफल होने पर सुश्री अश्विनी इनामदार (सदस्यता संख्या: एफसीएस 9409) मैसेर्स मेहता एंड मेहता, कंपनी सचिव, को निगम के सदस्यों को दूरस्थ ई-वोटिंग प्रक्रिया के साथ-साथ निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से एजीएम में मतदान की जांच करने की सुविधा प्रदान करने के लिए संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। संवीक्षक लागू कानूनों के तहत निर्धारित समय के भीतर ई-वोटिंग (एजीएम से पहले/दौरान रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से डाले गए वोट) की जांच पूरी होने के बाद अध्यक्ष या अध्यक्ष द्वारा अधिकृत किसी अन्य व्यक्ति को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ घोषित परिणाम स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किया जाएगा, जिस पर निगम के शेयर सूचीबद्ध हैं, एनएसडीएल और निगम की वेबसाइट www.licindia.in पर 'निवेशक संबंध' अनुभाग के तहत पर भी प्रदर्शित किया जाएगा। इसे निगम के केंद्रीय कार्यालय में सूचना बोर्ड पर भी प्रदर्शित किया जाएगा।

14. वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने के लिए सदस्यों के लिए निर्देश निम्नानुसार हैं:

I. सदस्यों को एनएसडीएल ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने की सुविधा प्रदान की जाएगी। सदस्य, एनएसडीएल ई-वोटिंग प्रणाली तक पहुंच के लिए बिन्दु संख्या 15 के तहत दिए गए चरणों का पालन करके पहुंच सकते हैं। सफल लॉगिन के बाद, आप निगम के नाम के सामने सामान्य बैठक में शामिल हों (Join General Meeting) मेनू के तहत रखा गया वीसी/ओएवीएम का लिंक देख सकते हैं। आपसे अनुरोध है कि सामान्य बैठक में शामिल हों मेनू के तहत रखे गए वीसी/ओएवीएम लिंक पर क्लिक करें। वीसी/ओएवीएम के लिए लिंक शेयरधारक/सदस्य लॉगिन में उपलब्ध होगा जहां निगम का EVEN (134730) प्रदर्शित किया जाएगा। कृपया ध्यान दें कि जिन सदस्यों के पास ई-वोटिंग के लिए उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड नहीं है या उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड भूल गए हैं, वह अंतिम मिनट की भीड़ से बचने के लिए सूचना में उल्लेखित दूरस्थ ई-वोटिंग निर्देशों का पालन करके इसे पुनः प्राप्त कर सकते हैं।

II. सदस्य बेहतर अनुभव के लिए लैपटॉप, स्मार्टफोन, टैबलेट और आईपैड के माध्यम से बैठक में शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा, सदस्यों को बैठक के दौरान किसी भी गड़बड़ी से बचने के लिए अच्छी गति से इंटरनेट का उपयोग करना आवश्यक होगा। सदस्यों को क्रोम, सफारी, इंटरनेट एक्सप्लोरर 11, एमएस एज या फ़ायरफ़ॉक्स के नवीनतम संस्करण की आवश्यकता होगी। कृपया ध्यान दें कि लैपटॉप, मोबाइल उपकरणों या टैबलेट के माध्यम से मोबाइल हॉटस्पॉट से जुड़ने वाले सदस्यों को अपने संबंधित नेटवर्क में उतार-चढ़ाव के कारण ऑडियो/वीडियो हानि का अनुभव हो सकता है। इसलिए किसी भी गड़बड़ी को कम करने के लिए उन्हे स्थिर वाई-फाई या लैन कनेक्शन का उपयोग करने की सिफारिश की जाती है।

III. सदस्यों को प्रोत्साहित किया जाता है कि वह वित्तीय विवरणों या किसी अन्य व्यवसाय के संबंध में अपने पंजीकृत ई-मेल पते से अपने नाम, डीपी आईडी और क्लाइंट आईडी/फोलियो नंबर, पैन और मोबाइल नंबर का उल्लेख करते हुए अपने प्रश्न **बुधवार, 20 अगस्त, 2025 को 0900 बजे (भा. मा. स.) से शुक्रवार 22 अगस्त, 2025 को 1700 बजे (भा. मा. स.) तक,** investors@licindia.com पर भेज सकते है । सदस्यों द्वारा ऐसे प्रश्नों का निगम द्वारा उपयुक्त उत्तर दिया जाएगा।

IV. जो सदस्य बैठक में एक वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त करना चाहते हैं/प्रश्न पूछना चाहते हैं, वे **गुरूवार, 21 अगस्त, 2025 को 0900 बजे (भा. मा. स.) से शनिवार, 23 अगस्त 2025 को 1700 बजे (भा. मा. स.)** के बीच investors@licindia.com पर अपने पंजीकृत ई-मेल पते से अनुरोध भेजकर खुद को पूर्व-पंजीकृत कर सकते हैं। निगम एजीएम के लिए समय की उपलब्धता के आधार पर वक्ताओं की संख्या को प्रतिबंधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

V. जिन सदस्यों को बैठक में भाग लेने और भाग लेने के लिए एजीएम से पहले या उसके दौरान तकनीकी सहायता की आवश्यकता होती है, वह श्री संजीव यादव, सहायक प्रबंधक, एनएसडीएल sanjeevy@nsdl.com/022-4886 7000 पर संपर्क कर सकते हैं।

15. **दूरस्थ ई-वोटिंग और वार्षिक सामान्य बैठक में शामिल होने के लिए सदस्यों के लिए निर्देश निम्नानुसार हैं:**

दूरस्थ ई-वोटिंग की अवधि **शनिवार, 23 अगस्त, 2025 को 0900 बजे (भा. मा. स) से शुरू होगी और सोमवार, 25 अगस्त, 2025 को 1700 बजे (भा. मा. स)** समाप्त होगी। इसके बाद एनएसडीएल द्वारा दूरस्थ ई-वोटिंग मॉड्यूल को मतदान के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा। जिन सदस्यों के नाम कट-ऑफ तिथि यानी **मंगलवार, 19 अगस्त, 2025** को सदस्यों/लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में मौजूद होंगे। वह इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। सदस्यों का मतदान अधिकार कट-ऑफ तिथि को निगम की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में उनके हिस्से के अनुपात में होगा।

एनएसडीएल ई-वोटिंग प्रणाली पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान करने के तरीके में ''दो चरण'' शामिल हैं जो नीचे उल्लिखित हैं:

चरण 1: NSDL ई-वोटिंग सिस्टम तक पहुंच

क. डीमैट रूप में प्रतिभूतियां रखने वाले व्यक्तिगत सदस्यों के लिए ई-वोटिंग और वर्चुअल मीटिंग में शामिल होने के लिए लॉगिन विधि:

सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा प्रदान की गई ई-वोटिंग सुविधा पर 09 दिसंबर, 2020 के सेबी परिपत्र के संदर्भ में, डीमैट रूप में प्रतिभूतियों को रखने वाले व्यक्तिगत सदस्यों को डिपॉजिटरी और डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ बनाए गए अपने डीमैट खाते के माध्यम से मतदान करने की अनुमति है। सदस्यों को सलाह दी जाती है कि वे ई-वोटिंग सुविधा का उपयोग करने के लिए अपने डीमैट खातों में अपना मोबाइल नंबर और ईमेल पता अपडेट करें।

डीमैट रूप में प्रतिभूतियां रखने वाले व्यक्तिगत सदस्यों के लिए लॉगिन विधि नीचे दी गई है:

सदस्यों के प्रकार	लॉगिन विधि
एनएसडीएल के साथ डीमैट रूप में प्रतिभूतियां रखने वाले व्यक्तिगत सदस्य।	1. ओटीपी पर आधारित लॉगिन के लिए आप लिंक https://eservices.nsdl.com/SecureWeb/evoting/evotinglogin.jsp पर क्लिक कर सकते हैं। आपको अपनी 8-अंकों की डीपी आईडी, 8-अंकों की क्लाइंट आईडी, पैन नंबर, सत्यापन कोड दर्ज करना होगा और ओटीपी जनरेट करना होगा। पंजीकृत ईमेल पते/मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी दर्ज करें और लॉगिन पर क्लिक करें। सफल प्रमाणीकरण के बाद, आपको एनएसडीएल डिपॉजिटरी की वेबसाइट पर पुनः निर्देशित किया जाएगा जहां आप ई-वोटिंग पेज देख सकते हैं। कंपनी के नाम या ई-वोटिंग सेवा प्रदाता यानी एनएसडीएल पर क्लिक करें और आपको दूरस्थ ई-वोटिंग अवधि के दौरान अपना वोट डालने या वर्चुअल बैठक और बैठक के दौरान वोटिंग में शामिल होने के लिए एनएसडीएल की ई-वोटिंग वेबसाइट पर पुनः निर्देशित किया जाएगा। 2. एनएसडीएल की ई-सेवा वेबसाइट अर्थात https://eservices.nsdl.com पर मौजूदा आईडीईएएस (IDeAS) उपयोगकर्ता अपने पर्सनल कंप्यूटर पर या मोबाइल के माध्यम से जा सकते है । ई-सर्विसेज होम पेज पर लॉगिन के तहत लाभकारी स्वामी **("Beneficial Owner")** आइकन पर क्लिक करें जो 'आईडीईएएस' अनुभाग में उपलब्ध है, यह आपको अपना मौजूदा उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड दर्ज करने के लिए प्रेरित करेगा। सफल प्रमाणीकरण के बाद, आप मूल्य वर्धित सेवाओं के तहत ई-वोटिंग सेवाओं को देख पाएंगे। ई-वोटिंग सेवाओं के तहत **''ई-वोटिंग तक पहुंच'' ("Access to e-voting")** पर क्लिक करें और आप ई-वोटिंग पृष्ठ देख पाएंगे। कंपनी के नाम या ई-वोटिंग सेवा प्रदाता यानी एनएसडीएल पर क्लिक करें और आपको दूरस्थ ई-वोटिंग अवधि के दौरान अपना वोट डालने या वर्चुअल बैठक और बैठक के दौरान वोटिंग में शामिल होने के लिए एनएसडीएल की ई-वोटिंग वेबसाइट पर पुनः निर्देशित किया जाएगा।

सदस्यों के प्रकार	लॉगिन विधि
	3. यदि आप आईडीईएएस (IDeAS) ई-सेवाओं के लिए पंजीकृत नहीं हैं, तो पंजीकरण करने का विकल्प यहां https://eservices.nsdl.com उपलब्ध है **''आईडीईएएस पोर्टल के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करें''** को चुने या https://eservices.nsdl.com/SecureWeb/IdeasDirectReg.jsp पर क्लिक करें। 4. एनएसडीएल की ई-वोटिंग वेबसाइट पर जाएं। निम्न URL: https://www.evoting.nsdl.com को व्यक्तिगत कंप्यूटर पर या मोबाइल पर वेब ब्राउज़र पर टाइप करके खोलें। ई-वोटिंग प्रणाली का होम पेज लॉन्च हो जाने के बाद, लॉगिन आइकन पर क्लिक करें जो 'शेयरधारक/सदस्य' अनुभाग के तहत उपलब्ध है। एक नई स्क्रीन खुलेगी। आपको अपनी यूजर आईडी (यानी एनएसडीएल के साथ आपका सोलह अंकों का डीमैट अकाउंट नंबर), पासवर्ड/ओटीपी और स्क्रीन पर दिखाए गए सत्यापन कोड दर्ज करना होगा। सफल प्रमाणीकरण के बाद, आपको एनएसडीएल डिपॉजिटरी साइट पर पुनः निर्देशित किया जाएगा जिसमे आप ई-वोटिंग पेज देख सकते हैं। कंपनी के नाम पर क्लिक करें या ई-वोटिंग सेवा प्रदाता यानी एनएसडीएल और आपको दूरस्थ ई-वोटिंग अवधि के दौरान अपना मत डालने या वर्चुअल बैठक और बैठक के दौरान वोटिंग में शामिल होने के लिए एनएसडीएल की ई-वोटिंग वेबसाइट पर पुनः निर्देशित किया जाएगा। 5. शेयरधारक/सदस्य निर्बाध मतदान अनुभव के लिए नीचे उल्लिखित क्यूआर कोड को स्कैन करके एनएसडीएल मोबाइल ऐप **''एनएसडीएल स्पीड'' ("NSDL Speede")** सुविधा भी डाउनलोड कर सकते हैं। **NSDL Mobile App is available on** App Store Google Play
सीडीएसएल के साथ डीमैट रूप में प्रतिभूतियां रखने वाले व्यक्तिगत सदस्य	1. जिन उपयोगकर्ताओं ने सीडीएसएल के ईज़ी (Easi)/ईजीस्ट (Easiest) का विकल्प चुना है, वे अपने मौजूदा उपयोगकर्ताओं आईडी और पासवर्ड के माध्यम से लॉगिन कर सकते हैं। बिना किसी और प्रमाणीकरण के ई-वोटिंग पृष्ठ तक पहुंचने का विकल्प उपलब्ध कराया जाएगा। ईज़ी/ ईजीस्ट लॉगिन करने वाले उपयोगकर्ताओं से अनुरोध है कि वे सीडीएसएल वेबसाइट www.cdslindia.com पर जाए और लॉगिन आइकन एवं न्यू सिस्टम माईईज़ी टैब पर क्लिक करें और फिर अपने मौजूदा माईईज़ी उपयोगकर्ता नाम एवं पासवर्ड का उपयोग करें। 2. सफल लॉगिन के बाद ईज़ी / ईजीस्ट के उपयोगकर्ता पात्र कंपनियों के लिए ई-वोटिंग का विकल्प देख पाएंगे, जहां कंपनी द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार ई-वोटिंग प्रगति पर है। ई-वोटिंग विकल्प पर क्लिक करने पर, उपयोगकर्ता दूरस्थ ई-वोटिंग अवधि के दौरान अपना वोट डालने या वर्चुअल बैठक और बैठक के दौरान वोटिंग में शामिल होने के लिए ई-वोटिंग सेवा प्रदाता के ई-वोटिंग पेज को देख सकेंगे। इसके अतिरिक्त, सभी ई-वोटिंग सेवा प्रदाताओं की प्रणाली तक पहुंचने के लिए लिंक भी प्रदान किए गए हैं, ताकि उपयोगकर्ता सीधे ई-वोटिंग सेवा प्रदाताओं की वेबसाइट पर जा सकें।

सदस्यों के प्रकार	लॉगिन विधि
